सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 272
20/03/2026

राज्यपाल ने बिहारवासियों को ईद–उल–फित्र की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना 20 मार्च, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने समस्त बिहारवासियों व देशवासियों को ईद–उल–फित्र की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

उन्होंने कहा है कि रमजान के पवित्र महीने की पूर्णता के उपलक्ष्य में मनाया जानेवाला यह त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भावना का संदेश देता है तथा हमें करुणा, उदारता, कृतज्ञता और आत्मसंयम जैसे जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है।

राज्यपाल ने इस पर्व को शांति, सौहार्द एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कामना की है कि ईद–उल–फ़ित्र सब के जीवन में ढ़ेर सारी खुशियाँ लेकर आये।

....